[redacted]

Tel/Fax No. 01334-226271
E-mail- dfo_hardwar@rediffmail.com

उत्तराखण्ड राज्य

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार।

पत्रांकः– 4543 / 3-3 ,दिनांक, हरिद्वार, 21 : मार्च : 2022

# अल्पकालीन निविदा नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से प्राधिकृत अधिकारी/अधोहस्ताक्षरी द्वारा एक वर्ष के लिये रेस्क्यू सेन्टर यूनिट स्थित वन्य जीव ट्रांजिट पुनर्वास केन्द्र में रखे गुलदारों के भोजन हेतु 21 किलोग्राम प्रतिदिन भैंसे, बकरे व मुर्गे (ब्रायलर) के मांस की आपूर्ति करने के लिए इच्छुक प्रतिष्ठित व्यक्ति/ठेकेदारों से मुहरबन्द पंजीकृत निविदायें दिनांक 28.03.2022 को सांय 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी आपूर्ति आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ायी जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 28.03.2022 को सांय 3:00 बजे प्रभागीय कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा का प्रारुप/प्रपत्र दिनांक 26.03.2022 तक एवं निविदा की शर्तें किसी भी कार्यदिवस में प्रभागीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

उप वन संरक्षक,
हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार।

पत्रांक – 4543 / तद्दिनांकित

**प्रतिलिपि** – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य वन संरक्षक, गढवाल, उत्तराखण्ड, पौडी।
2. वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. उप वन संरक्षक, आई0टी0 सेल, कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को विभागीय वेबसाईड पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. जिला सूचना अधिकारी, हरिद्वार।
5. उप प्रभागीय वनाधिकारी, हरिद्वार।
6. यूनिट प्रभारी, वन्य जीव रेस्क्यू सेन्टर, चिड़ियापुर।
7. नोटिस बोर्ड, प्रभागीय कार्यालय, हरिद्वार।

उप वन संरक्षक,
हरिद्वार वन प्रभाग, हरिद्वार।

I.T.C.C
ई. अपलोड करें
[illegible] करें
ccf
25/3

G/ac/tender